निष्पक्ष सोच, निडर अखबार
NO पेड न्यूज

दिल्ली सवेरा टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार, 21 अक्तूबर 2024

• नोएडा • गाजियाबाद • गुरुग्राम • फरीदाबाद • पलवल

सिटी मौसम
अधिकतम 34.0° सैल्सियस
न्यूनतम 21.0° सैल्सियस
सूर्योदय कल 06.26
सूर्यास्त आज 05.47

WWW.DAINIKSAVERATIMES.COM

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राजीव गांधी सेवा केन्द्रों का किया उद्घाटन

बिजली-पानी के मुद्दों पर आम आदमी पार्टी को घेरा, कांग्रेस का वादा : जनता को मिलेगी मुफ्त सेवाएं और न्याय

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की जनता से सीधे जुड़ने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए एक नई पहल के तहत बादली विधानसभा में चार राजीव गांधी सेवा केंद्रों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी की सरकार से त्रस्त है, क्योंकि भ्रष्टाचार और दलालों की मौजूदगी के कारण वे अपने काम करवाने में असमर्थ हैं। इन सेवा केंद्रों का उद्देश्य दिल्ली के नागरिकों की मदद करना और उनकी समस्याओं को मुफ्त में हल करना है। यादव ने घोषणा की कि कांग्रेस दिल्ली भर में इस तरह के सेवा केंद्र स्थापित करेगी। श्री यादव ने बादली विधानसभा में पहला राजीव गांधी सेवा केंद्र मैन चौक, समयपुर, दूसरा वीर बाजार चौक, राणा चौक, तीसरा जहांगीरपुरी सी-965 और चौथा गुर्जर चौक, भलस्वा डेयरी में उद्घाटन किया। उन्होंने विश्वास जताया कि ए सेवा केंद्र जनसमस्याओं के समाधान में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने क्षेत्रीय लोगों से कहा कि कांग्रेस पार्टी के ए सेवा केंद्र आधार कार्ड, पैन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों के निर्माण में जनता की मदद करेंगे। यादव ने कहा कि बादली की जनता ने उन्हें जितना समर्थन दिया है, वह उनके लिए उतनी ही मजबूती से काम करेंगे। उन्होंने आम आदमी पार्टी की सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले 10 सालों में जनता बुनियादी सुविधाओं के अभाव और बदहाल स्थिति के कारण टूट चुकी है। श्री यादव ने आम आदमी पार्टी की सरकार की नाकामियों पर हमला करते हुए कहा कि केजरीवाल ने जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया। उन्होंने बिजली बिल कम करने का वादा किया था, लेकिन उल्टा बिजली के बिल बढ़ा दिए। पानी की समस्या भी हल नहीं हुई, और गरीब जनता महंगी बिजली और गंदे पानी की समस्या से जूझ रही है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के विधायकों के पास विकास के लिए फंड बढ़ाकर 15 करोड़ तक कर दिया गया है, लेकिन वे 2 करोड़ रुपए भी अपने क्षेत्रों में खर्च नहीं कर पा रहे हैं। जब जनता उनसे हिसाब मांगती है, तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता। यादव ने कहा कि अब जनता जाग चुकी है और उसने केजरीवाल सरकार को हटाने का मन बना लिया है।

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में हाफ मैराथन में हिस्सा लेते प्रतिभागी। (सईद अहमद)

विद्यार्थियों और सफाई कर्मियों ने की बस्ती की सफाई

- नागरिकों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व पर किया जागरूक

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर : इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान (दिल्ली विश्वविद्यालय) विकासपुरी, नई दिल्ली द्वारा एन.एस.एस. यूनिट के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान प्रो. संदीप तिवारी, प्राचार्य (कार्यवाहक) के मार्गदर्शन में, शंकर गार्डन, विकासपुरी के स्लम क्लस्टर इलाके में निगम पार्षद हरीश ओबेरॉय की सहायता से चलाया गया। इस कार्यक्रम में 21 विद्यार्थियों, 2 शिक्षकों, 2 प्रशासनिक कर्मियों और 5 अनुबंधित सफाई कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने कॉलोनी के निवासियों को स्वच्छता की आवश्यकता और इसके महत्व पर जागरूक किया। इसके साथ ही, उन्होंने खुद सड़कों की सफाई की और कूड़े के ढेर हटाए। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत निवासियों को सड़कों पर गंदगी न फैलाने, खुले में शौच से बचने और नियमित सफाई के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम का मुख्य संदेश था कि स्वस्थ नागरिक किसी भी देश की सबसे बड़ी संपत्ति होते हैं, और उनका शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास देश की शक्ति और उन्नति का आधार है। कार्यक्रम को विद्यार्थियों और स्थानीय निवासियों ने सराहा और इसका व्यापक प्रभाव देखा गया।

मामला यूके में जालंधर के मास्टरमाइंड द्वारा किए जा रहे क्रैडिट कार्ड स्कैम का

स्कैम को लेकर हो रहे खुलासों के बाद भाना ग्रुप में मची अफरा-तफरी

एक धड़ा चाहता है स्कैम उजागर हो

सवेरा ब्यूरो

चंडीगढ़, 20 अक्तूबरः यूके में जालंधर के मास्टरमाइंड द्वारा किए जा रहे क्रैडिट कार्ड स्कैम को लेकर दैनिक सवेरा द्वारा किए जा रहे खुलासों के बाद भाना ग्रुप में अफरा-तफरी मची हुई है। ग्रुप के विक्की और मोनू व कुछ अन्य लोगों को छोड़कर इस स्कैम के बारे में किसी को जानकारी नहीं थी। ऐसे में सभी की नजरें इस स्कैम के खुलासों पर टिकी हैं।

जानकारी है कि भाना को परोल पर चुनाव के दौरान बाहर लाने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया गया था संशय है कि यह पैसा स्कैम से ही जुटाया हुआ था। हालांकि चुनाव अधिकारियों के ध्यान में मामला आने के बाद भाना की परोल चुनाव खत्म होने तक रद्द भी कर दी गई थी। चुनाव खत्म होने के बाद भाना को फिर से परोल मिली थी और इस दौरान उसकी कई फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल भी हुई थी।

बता दें कि भाना ग्रुप में भी 2 धड़े हैं। ऐसे में एक धड़ा चाहता है कि यह स्कैम उजागर हो जाए ताकि ऐसे में भाना ग्रुप का एक धड़ा खत्म हो जाए और कंट्रोल दूसरे धड़े के हाथ में आ जाए। पंजाब में इन दिनों भाना ग्रुप द्वारा किया गया क्रैडिट कार्ड स्कैम चर्चा का विषय बना हुआ है। आने वाले दिनों में इस स्कैम को लेकर और खुलासे किए जाएंगे।

गैंगस्टर दलजीत भाना

लॉरेंस बिश्नोई

भाना को बड़ा भाई मानता है लॉरेंस

गौरतलब है कि कुछ समय पहले लॉरेंस बिश्नोई की ऑडियो वायरल हुई थी जिसमें वह किसी एनआरआई से फिरौती की मांग कर रहा था। जिस रमन नामक एनआरआई से फिरौती मांगी जा रही थी उसने खुद को भाना का दोस्त बताया था। इसके जबाव में लॉरेंस यह कहता हुआ सुनाई दिया था कि भाना उसका बड़ा भाई है। वह उससे खुद बात कर लेगा। भाना से लॉरेंस की नजदीकियों के चलते ही अरबों के इस स्कैम मैं लॉरेंस का भी नाम इस्तेमाल किया जा रहा था। हालांकि लॉरेंस की इसमें भूमिका है या नहीं यह स्कैम की जांच के बाद ही साफ हो पाएगा।

यह है मामला

यूके सिटीजंस के क्रैडिट और डैबिट कार्ड को क्लोन कर भारत व अन्य देशों में इस्तेमाल कर यू.के. सिटीजंस के साथ बड़ा स्कैम किया जा रहा है। सारे स्कैम को यू.के. में रह रहे भारतीय अंजाम दे रहे हैं। स्कैम से जुड़े इन लोगों में कुछ लोग स्टडी वीजा पर हैं और कुछ इल्लीगल तौर पर वहां रह रहे हैं। सारे स्कैम को जालंधर में बैठे मास्टरमाइंड अंजाम दे रहे हैं।

महिलाओं की दौड़ में किया चौंकाने वाला प्रदर्शन, जीता दिल्ली हाफ मैराथन

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर : ओलंपियन जोशुआ चेप्टेगी ने वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2024 में पुरुषों का खिताब जीता, जबकि इथियोपिया की एलेमाडिस इयायु ने महिला वर्ग में चौंकाने वाली जीत हासिल की। चेप्टेगी ने 59 मिनट 46 सेकंड में दौड़ पूरी की, जबकि केन्या के एलेक्स मटाटा और निकोलस किपकोरिर ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की दौड़ में इयायु ने प्री-रेस पसंदीदा सिंथिया लिमो को पीछे छोड़ते हुए 68:17 के समय के साथ जीत दर्ज की। लिमो 10 सेकंड बाद दूसरे स्थान पर रहीं। यह रेस एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुई क्योंकि इथियोपिया और केन्या के धावकों ने शानदार प्रदर्शन किया। लिमो ने कहा कि वह नौ साल बाद दिल्ली पोडियम में शामिल होकर खुश हैं।

सामाजिक उत्तरदायित्व और समावेशी शिक्षा पर जोर के साथ क्रिएशंस स्कॉलर्स इंस्टीच्यूट ने 5वां वर्षगांठ समारोह आयोजित किया

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर : क्रिएशंस स्कॉलर्स इंस्टीच्यूट ऑफ एक्सिलैंस ने अपनी 5वीं वर्षगांठ का भव्य आयोजन नई दिल्ली के जनकपुरी स्थित एस के बैंकेट हॉल में किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में बॉलीवुड अभिनेता पुनीत इस्सर (महाभारत के दुर्योधन), गुलशन पांडे (सावधान इंडिया), और फिल्म अभिनेता बनबारी लाल झोल समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। इस संस्थान की स्थापना दूरदर्शी एस्ट्रो किरण बावेजा द्वारा 2019 में की गई थी। तब से, यह संस्थान राष्ट्रीय कौशल विकास निगम से मान्यता प्राप्त 100 से अधिक पाठ्यक्रमों के साथ एक प्रमुख शैक्षिक केंद्र के रूप में उभरा है। इस संस्थान की प्रबंधन समिति में संस्थापक किरण बावेजा, अध्यक्ष सीए संदीप कुमार, और निदेशक हिमांशु गुप्ता शामिल हैं। अध्यक्ष संदीप कुमार का उद्देश्य महिलाओं और वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को आइकॉनिक बिजनेस अवाड्र्स 2024ह्व से सम्मानित किया गया।

संस्थान की ओर से उन कॉर्पोरेट भागीदारों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने अपने क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और छात्रों को प्रेरित किया है। संस्थापक एस्ट्रो किरण बावेजा ने कहा, यह वर्षगांठ हमारे सफर का उत्सव है। पिछले पांच वर्षों में हमने न केवल अपने पाठ्यक्रमों में वृद्धि की है, बल्कि छात्रों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव भी डाला है।

क्रिएशंस स्कॉलर्स इंस्टीच्यूट ने 5वां वर्षगांठ समारोह में गणमान्य। (जगजीत सिंह)

लूट डकैती के कारण चरमरा चुकी कानून व्यवस्था के लिए भाजपा और आम आदमी पार्टी दोनों बराबर की जिम्मेदार : देवेन्द्र यादव

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था इस कदर चरमरा चुकी है कि आज दिन दहाड़े खुले आम गोलीबारी हो रही है बाम्ब प्लांट किए जा रहे, वसूली और गन पाइंट पर लूटमार के मामले सामने आ रहे है। जिससे पूरी तरह साफ हो गया है कि राजधानी में बिगड़ती कानून व्यवस्था के भाजपा और आम आदमी पार्टी की सरकार जिम्मेदार है। आज सुबह रोहिणी में सीआरपीएफ स्कूल के पास हुआ बम्ब धमाका बेहद चौकाने वाला है क्योंकि त्यौहारी सीजन में धमाका होना दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था और गृह मंत्रालय नियंत्रित दिल्ली की चौकसी की पोल खोल रहा है। उन्होंने कहा कि यह चौकाने वाला है कि फोरेंसिक विभाग ने शुरूआती जांच में क्रूड बम जैसा मटेरियल मिला है। यादव आज बल्लीमारान विधानसभा की कार्यकारिणी बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनता से अपील की कि वो भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में जाने से पहले अपने आसपास ध्यान करें कि कहीं कोई अपराधिक गतिविधि तो नहीं हो रही। कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के साथ पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ, पूर्व विधायक एवं कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, जितेन्द्र बघेल, पूर्व पार्षद सुलक्षणा सिनन्धी, निगम चुनाव लड़े प्रत्याशी, सेवादल, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेल एवं विभाग के पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण के बीच परिवहन की चुनौतियां गंभीर, नई दिल्ली में आयोजित होगा 12वां ट्रैफिकइंफ्राटेक एक्सपो

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर : भारत में तेजी से होते औद्योगिक विकास और शहरीकरण के साथ यहां के परिवहन और इससे जुड़े संसाधनों को बेहतर संचालित करने की जरूरत बेहद गंभीर हो चुकी है। इन चुनौतियों के लिए आधुनिक समाधानों को प्रदर्शित करने के लिए ट्रैफिकइंफ्राटेक एक्सपो का 12वां संस्करण और इसे साथ ही रोडइंफ्राटेक एक्सपो और पार्किंगइंफ्राटेक एक्सपो भी नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होने जा रहा है जहां 120 प्रदर्शक 9 देशों से शामिल होंगे एंड इनमें से 21 नई कंपनियों है जो पहली बार इस एक्सपो में भाग लेंगी। चूंकि भारत भर के शहरी केंद्र वाहनों की भीड़, सड़क सुरक्षा, पार्किंग और यातायात प्रबंधन से संबंधित बढ़ती चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वैसे-वैसे इनके समाधान के लिए आधुनिक अधोसंरचना की जरूरत और ज्यादा महसूस होने लगी है। देश की बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या के चलते यह समस्या और गंभीर हो रही है, विशेषकर मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में। इस सबके बीच ट्रैफिकइंफ्राटेक एक्सपो एक ऐसा मंच है, जहां इस समस्या से जुड़े सभी हितग्राही आकर एक स्मार्ट, सस्टेनेबल और स्केलेबल समाधान ढूंढ सकते हैं।

दिल्ली छावनी विकास समिति ने शुरू की सामुदायिक शटल बस सेवा

- श्याम जाजू ने किया सुविधा केंद्र और बस सेवाओं का शुभारंभ

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर : दिल्ली छावनी विकास समिति ने दिवाली मिलन कार्यक्रम के दौरान कई प्रमुख सामुदायिक पहलों की घोषणा की। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और छावनी क्षेत्र के निवासियों के लिए दो शटल बस सेवाओं का शुभारंभ किया। इन बस सेवाओं का उद्देश्य क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी और सुविधा प्रदान करना है। कार्यक्रम में एक सुविधा केंद्र की भी शुरूआत की गई, जहां बिजली, प्लंबिंग, बागवानी और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अलावा, समिति ने 24/7 एंबुलैंस सेवा और स्वास्थ्य शिविरों की जानकारी दी, जो स्थानीय निवासियों के लिए मुफ्त चिकित्सा जांच और सेवाएं प्रदान करेंगे। डॉ. टीसी राव ने बताया कि समिति का उद्देश्य निवासियों की जरूरतों को पूरा करना है और हाल ही में 60 से अधिक व्हीलचेयर जरूरतमंदों को वितरित की गई हैं। इस अवसर पर करोल बाग जिला अध्यक्ष सुनील कक्कड़ ने कहा कि समिति का काम स्थानीय विकास और सेवा पर आधारित है। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और रात्रिभोज के साथ हुआ, जिससे समुदाय में आपसी सौहार्द का माहौल बना।

फूलचंद यादव की रचना एक थी चिड़िया पर भावांजलि कार्यक्रम का आयोजन

सवेरा न्यूज/आकाश द्विवेदी

नई दिल्ली, 20 अक्तूबर : कस्तूरी संस्था द्वारा आयोजित भावांजलि कार्यक्रम में स्वर्गीय फूलचंद यादव की रचना ह्लएक थी चिड़ियाह्व के माध्यम से उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कस्तूरी संस्था की अध्यक्ष दिव्या जोशी के स्वागत वक्तव्य से हुआ, जिसमें उन्होंने एक पुत्र द्वारा पिता के संस्कारों को जीवित रखने की बात की। डा. महाशेर हुसैन ने उनकी कविता युवा का पाठ किया। भाषा विज्ञानी कमलेश कमल ने पुस्तक का परिचय देते हुए फूलचंद यादव की दृष्टि को रामचरितमानस से जोड़ा। सुभाष यादव जी ने अपने पिता के दिए संस्कारों पर प्रकाश डाला। कल्पना मनोरमा ने रचनाओं की नैतिकता पर चर्चा की, जबकि वंदना यादव ने कविताओं की दूरदर्शिता पर बात की। मुख्य वक्ता प्रो. संध्या वात्स्यायन ने फूलचंद जी की रचनाओं को प्रभु श्रीराम, देश प्रेम और प्रकृति प्रेम से जुड़ा बताया। अध्यक्षता कर रहे दिविक रमेश ने इन कविताओं को बाल साहित्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन आदित्य नाथ तिवारी ने किया और संचालन विशाल पाण्डेय द्वारा किया गया।

3 साल से लापता लाड़ला घर लौटा, करवा चौथ पर दिवाली

सवेरा न्यूज/शंकर वधवा

टोहाना, 20 अक्तूबर : पिछले तीन साल से लापता नवीन रोहिल्ला का टोहाना पहुंचने पर दिवाली जैसा माहौल बन गया। उसके घर को गुब्बारा और लड़ियों से सजाया गया था। इस दौरान उसके घर पहुंचने पर दिवाली से 10 दिन पूर्व दिवाली जैसा माहौल दिखाई गया। नवीन रोहिल्ला के पहुंचने पर घर में परिवार व आसपास के सैकड़ो लोग बच्चे के आने को लेकर आंखें बिछाए बैठे थे। केक काटकर खुशी मनाई तथा बच्चे का सम्मान भी किया गया। पिछले तीन सालों से भाई को राखी बांधने की इंतजार में दोनों बहनों की खुशी के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे थे। नवीन की मां ने नवीन को देखते हैं उसके गले मिलकर फूट फूटकर रोने लगी। बालक नवीन रोहिल्ला बोलने में असमर्थ था। इस दौरान नवीन रोहिल्ला के पिता सुशील कुमार पुलिस में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मेरा बेटा नवीन 28 सितंबर 2021 को लापता हुआ था तभी से लगातार बालक को रोकने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने आज तक भी हार नहीं मानी थी जहां भी थोड़ा सुराग लगता वहीं पर पहुंच जाते थे। उन्होंने बताया हम बालाजी महाराज को मानते हैं तथा लापता होने के समय से ही घर में अखंड जोत लगाई हुई थी हमें पूर्ण विश्वास था कि हमारा बेटा हमें जरूर मिलेगा। उन्होंने बताया कि मीडिया वह पूरे टोहाना वासियों का भी हमें पूर्ण सहयोग मिला।

सीबीएसई नैशनल और इंटर यूनिवर्सिटी स्वीमिंग के पदक विजेता तैराकों को स्वागत

सवेरा न्यूज/योगेंद्र सैनी

बहादुरगढ, 20 अक्तूबर : सीबीएसई नेशनल स्वीमिंग प्रतियोगिता इंटर यूनिवर्सिटी स्विमंग प्रयियोगिता में पदक जीतकर लौटे सक्षम और प्रियांशी और सोनू दलाल का शहर की एचएल सिटी स्थित चैम्पियन्स एक्वेटिक एकेडमी में जोरदार स्वागत किया गया। हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री और साथी तैराकों ने नेशनल पदक विजेता तैराकों को फूलमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाईयां भी दी। हम आपको बता दें कि एकेडमी के तैराकों ने सीबीएसई नैशनल स्वीमिंग प्रतियोगिता में दो स्वर्ण, दो सिल्वर और एक कांस्य सहित पाचं पदक हासिल किए हैं। वंही इंटर यूनिवर्सिटी स्विमंग प्रतियोगिता में सोनू दलाल ने तीन सिल्वर और तीन कांस्य पदक हासिल कर अकेडमी का नाम रोशन किया है। सोनू दलाल ने 100 मीटर और 400 मीटर फ्री स्टाइल में सिल्वर मैडल, आई एम स्पर्धा में भी सिल्वर मेडल हासिल किया है। बटर फ्लाई की 500 और 100 मीटर इवेंट में कांस्य पदक हासिल किया है। सोनू ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 200 मीटर फ्री स्टाइल में भी कांस्य पदक हासिल किया है। एकेडमी के निदेशक और हरियाणा तैराकी संघ के महासचिव अनिल खत्री ने बताया कि इंटर यूनिवर्सिटी स्विमंग प्रतियोगिता 8 से 9 अक्तूबर तक रोहतक की मिहर्ष दयानंद यूनिवर्सिटी में हुई थी।

दादा-पोते को तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, बुजुर्ग घायल

सवेरा न्यूज/अनिल पांचाल,

गन्नौर 20 अक्टूबर । चुलकाना-आहुलाना रोड पर मोटरसाइकिल सवार दादा-पोते को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार बुजुर्ग घायल हो गया।

घायल के पोते ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में अटायल गांव निवासी सन्नी ने बताया कि वह 17 अक्टूबर की सुबह अपने दादा महावीर के साथ मोटरसाइकिल पर खेत से घर लौट रहा था। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दैनिक सवेरा से जुड़िए

सुहृद पाठको, अब आप स्वयं ही अपने इर्द-गिर्द की सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों की कवरेज अपने प्रिय समाचारपत्र दैनिक सवेरा में करवा सकते हैं। आप हमें ऐसी गतिविधियों से जुड़े समाचार व फोटो हमें सीधे ही भेज सकते हैं। आप की ओर से भेजे गए समाचारों या चित्रों का प्रकाशन निःशुल्क किया जाएगा। आप अपने इर्द-गिर्द की सामाजिक गतिविधियों के समाचार व अनिवार्य रूप से चित्र हमें निम्नलिखित नंबर पर व्हाट्सएप्प करें। हम इन्हें सहर्ष प्रकाशित करेंगे।

कृपया अपना नाम, पता व मोबाइल नंबर अवश्य लिखें

88376-44319
98884-53344

सवेरा हमारी तस्वीर-हमारा परिवार

आपकी जिंदगी के सुहाने लम्हों को यादगार बनाने के लिए दैनिक सवेरा टाइम्स हमेशा आपके साथ है, आप हमें जन्मदिन (केवल बच्चों के लिए), नवविवाहित जोड़ी, शादी की सालगिरह, ग्रुप सैल्फी (दो या उससे अधिक) की फोटो दैनिक सवेरा टाइम्स में प्रकाशित करने के लिए भेज सकते हैं, आप अपनी फोटो हमें नीचे दिए हुए नंबर पर सुबह 9 से शाम 6 बजे तक व्हाट्सएप्प कर सकते हैं।

090415-31531, 070099-59148
कृपया इस नंबर पर कॉल न करें।

फोटो के साथ अपना नाम, तिथि व शहर का नाम अवश्य लिखें

इस निःशुल्क सेवा का अवश्य लाभ उठाएं

SAVERA BHAWAN
259, Lajpat Nagar, Near Guru Nanak Mission Chowk, Jalandhar
Email : newsdainiksavera@gmail.com